अमर उजाला 31/08/2024

संवाद न्यूज एजेंसी

जीएम कॉलेज की कोमल रही प्रथम

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में एसडी कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य परिषद विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी की ओर से आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में एसडी कॉलेज की दोनों टीमों ने स्क्रीनिंग प्रशिक्षण में अपनी भूमिका निभाते हुए अंतिम चरण में होने वाली क्विज प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल चार राउंड हुए।

जीएमएन कॉलेज से कोमल, सैना, प्रगति प्रथम, एसडी कॉलेज से अपूर्वा, गुंजन और पलक द्वितीय, एसडी कॉलेज से ही ज्योति, अक्षित व प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दोनों ही टीम जोनल लेवल क्विज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। दोनों टीमों को बधाई देते हुए एसडी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह व भौतिक विभाग से डॉ. कृष्ण कुमार ने उनका प्रोत्साहन बढ़ाया।